जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2012/1234 दिनांक : 16/06/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।

विषयः–एल0एल0बी0 (त्रि–वर्षीय पाठ्यक्रम) षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 में ए.टी.के.टी. प्राप्त छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांर्तगत एल0एल0बी0 (त्रि–वर्षीय पाठ्यक्रम) षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की प्रक्रिया प्रगति पर है, आपको यह निर्देशित किया जाता है कि यदि किसी छात्र की प्रथम सेमेस्टर से पंचम सेमेस्टर तक की परीक्षा में कुल चार विषयों में ए.टी.के.टी. की पात्रता है तो उसे एल0एल0बी0 (त्रि–वर्षीय पाठ्यक्रम) षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 में सम्मिलित कराया जाये।

यदि किसी छात्र को प्रथम से पंचम सेमेस्टर तक ए.टी.के.टी. की पात्रता है और उसे ए.टी.के.टी. द्वितीय अवसर की पात्रता बनती है तो ऐसे छात्रों को भी षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 में सम्मिलित कराया जाये।

यदि कोई छात्र ए.टी.के.टी. के द्वितीय अवसर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है या किसी सेमेस्टर परीक्षा में वह अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है या उसकी प्रथम से लेकर पंचम सेमेस्टर तक की परीक्षा में कुल चार विषयों से अधिक विषयों में ए.टी.के.टी. है तो ऐसे छात्रों को किसी भी स्थिति में षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून 2012 में सम्मिलित न कराया जाये।

आप यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र छात्र परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित न रहे।

सर्व सम्बंधित के सूचनार्थ प्रेषित ।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. सम्पादक ---------------- की ओर भेजकर निवेदन है कि कृपया उक्त सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में छात्र हित में समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इंटरनेट, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)